दिन–शुक्रवार दिनांक– 23 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बिहार के किसानों को चौथे कृषि रोड मैप लागू करने और अच्छे किस्म के बीज को लेकर हर संभव सहायता दी जाएगी। आज पटना के मीठापुर स्थित कृषि भवन में किसान संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से दलहन, तिलहन और अन्य फसलों की अच्छे बीजों को उपलब्ध कराया गया है। श्री चौहान ने कहा कि उनका मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के कल्याण के लिए किए गए वायदे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कृषि मत्रालय किसानों की आय दोगुनी करने और फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प है। केन्द्रीय मंत्री ने बिहार में मखाना उत्पादक किसानों को निर्यात की सुविधा के लिए मदद देने का भरोसा भी दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में मखाना निर्यात केंद्र खोलने के लिए वह वाणिज्य मंत्रालय से बात करेंगे।

———————————————————

केन्द्र सरकार ने एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन सहित एक सौ छप्पन दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार और ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड – डीटीएबी की एक विशेषज्ञ समिति की जांच के बाद यह निर्णय लिया गया है। मंत्रालय ने बताया कि डीटीएबी ने इन दवाओं के खुराक संयोजनों के दावों को सही नहीं पाया जिससे यह प्रतिबंध लगाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इन दवाओं के इस्तेमाल से लोगों को खतरा होने की संभावना है जबकि इनके सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं।

———————————————————

वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गोविन्द मोहन ने आज नये केंद्रीय गृह सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने अजय कुमार भल्ला का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल कल समाप्त हो गया था। श्री मोहन वर्ष उन्नीस सौ नवासी बैच के प्रशासनिक अधिकारी हैं और वे इससे पहले संस्कृति मंत्रालय में सचिव के पद पर कार्यरत थे।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार पच्चीस अगस्त को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ तेरहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके साथ ही यह आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम के तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया, भागलपुर, रोहतास, मुंगेर और पटना सहित कई जिलों में भारी बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गया के नीमचक बथानी में सबसे अधिक एक सौ पांच दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। वहीं, गया के ही वजीरगंज में नब्बे दशमलव दो, भागलपुर में अठहत्तर, पटना के मसौढ़ी उनहत्तर दशमलव छह और बक्सर में अड़सठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, जमुई, सीतामढ़ी और पूर्वी चम्पारण जिले के कुछ स्थानों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————

अररिया के जोगबनी में एसएसबी के जवानों ने चाणक्य चौक सीमा के पास से एक नेपाली व्यक्ति को चार लाख दस हजार नेपाली करेंसी के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।